आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

बिहार

dainikbhaskar.com पटना गुरुवार, 25 फरवरी, 2016, फाल्गुन कृष्ण पक्ष- 3, 2072

बदली कार्य-संस्कृति से केंद्रीय राजस्व में 44 फीसदी की वृद्धि

पटना। केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर विभाग ने बुधवार को पटना स्थित कार्यालय में केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस मनाया। विभाग के मुख्य आयुक्त शिव नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि अगस्त, 2015 में विभाग में उनकी पदस्थापन के बाद विभाग की कार्यशैली बहुत बदली है। बदली कार्य-संस्कृति से केंद्रीय राजस्व का रेवेन्यू 44 फीसदी बढ़ा है। विभाग आमलोगों की समस्या हर बुधवार को सुनेगा।बगैर अप्वाइंटमेंट आयुक्त और अधिकारी मिलेंगे।प्रेस वार्ता में केंद्रीय उत्पाद शुल्क के पीके कटियार(आयुक्त, अंकेक्षण) तथा तथा वीसी गुप्ता(आयुक्त, सीमा शुल्क-निवारण, पटना) भी उपस्थित रहे। इससे पहले लांच पैड की मदद से उन्होंने विभाग की नई वेबसाइट से सबको परिचित करवाया। शिव नारायण सिंह ने स्थापना दिवस के अवसर पर रेवेन्यू बिल्डिंग में भगवान बुद्ध की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया।